Hindi

कहते हैं तारे गाते हैं

सन्नाटा वसुधा पर छाया,
नभ में हमने कान लगाया,
फिर भी अगणित कंठों का यह राग नहीं हम सुन पाते हैं!
कहते हैं तारे गाते हैं!

स्वर्ग सुना करता यह गाना,
पृथिवी ने तो बस यह जाना,
अगणित ओस-कणों में तारों के नीरव आँसू आते हैं!
कहते हैं तारे गाते हैं!

ऊपर देव तले मानवगण,
नभ में दोनों गायन-रोदन,
राग सदा ऊपर को उठता, आँसू नीचे झर जाते हैं।
कहते हैं तारे गाते हैं!

- हरिवंश राय बच्चन

They say the stars sing!

Harivansh Rai Bachchan

Earth overwhelmed by perfect silence,
we held an ear to the sky,
still we cannot hear the melody of countless throats.
They say the stars sing!

Heaven invariably hears this song,
yet the earth knows just this,
the quiet tears of the stars come in countless dewdrops.
They say the stars sing!

Above, God, on the surface, humankind,
in the sky, both singing and weeping,
the melody ever rises upwards, tears tumble below.
They say the stars sing!